भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2414
जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026 को दिया जाना है

**नोटरी पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध सेवाएं**

**2414. श्री राहुल सिंह लोधी :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नोटरी अधिनियम, 1952 के अंतर्गत नोटरी पोर्टल के माध्यम से कौन-कौन सी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही है ;

(ख) अब तक कितने डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित अभ्यास प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं ;

(ग) इस संबंध में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कौन-कौन से विभिन्न उपाय किए गए हैं ;

(घ) क्या उक्त पोर्टल के दायरे का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त डिजिटल मॉड्यूल स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है ; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और**
**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

**(क) से (ङ) :** सरकार ने नोटरी अधिनियम, 1952 और नोटरी नियम, 1956 से संबंधित कार्यों के लिए ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाले एक समर्पित मंच के रूप में नोटरी पोर्टल का शुभारंभ किया है। इसका उद्देश्य नोटरी के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन जमा करना, नोटरी के रूप में नियुक्ति के लिए पात्रता का सत्यापन, नोटरी के रूप में व्यवसाय के डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र का जारी करना, व्यवसाय प्रमाण पत्र का नवीनीकरण, व्यवसाय क्षेत्र में परिवर्तन, वार्षिक रिटर्न जमा करना आदि जैसी विभिन्न सेवाओं के लिए नोटरी और सरकार के बीच एक ऑनलाइन इंटरफ़ेस प्रदान करना है। नोटरी पोर्टल एक सरल, कागज रहित, पारदर्शी और कुशल प्रणाली प्रदान करता है। वर्तमान में, केवल दस्तावेज़ सत्यापन, पात्रता और नवनियुक्त

नोटरी को डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित व्यवसाय प्रमाण पत्र जारी करने से संबंधित मॉड्यूल ही सक्रिय है। नोटरी पोर्टल के लॉन्च से पहले, व्यवसाय प्रमाण पत्र नोटरी को भौतिक रूप से जारी किए जाते थे । 09.02.2026 तक, नोटरी पोर्टल के माध्यम से विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के नवनियुक्त नोटरी को 36,000 से अधिक डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित अभ्यास प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं ।

**********